# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## अकबरपुर, अम्बेडकर नगर।

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

## वार्षिक आख्या (इकाई एक)
## सत्रः 2021–22

फोन : 05271–244197

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा 'बी' ग्रेड प्राप्त

# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

अकबरपुर अम्बेडकरनगर–224122

पत्रांक

दिनांक.........................

## राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र : 2021–22

## आलेख

डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयाँ स्वीकृत की गयी हैं। इकाई प्रथम के कार्यक्रमाधिकारी पद पर डॉ० राजेश कुमार यादव एवं इकाई द्वितीय के कार्यमाधिकारी पद पर डॉ० सीमा यादव कार्यरत हैं। प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यगणों के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम के अन्तर्गत इकाई एक व दो की छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में 49 घण्टे एवं चयनित किये गये दोनों ग्रामों [redacted] में क्रमशः 71–71 घण्टे अर्थात् कुल 120 घण्टे कार्य सम्पादित किया गया।

**सामान्य कार्यक्रम के दौरान सम्पादित प्रमुख कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत् है –**

01. 15 अगस्त, 2021 को स्वतत्रंता दिवस के सुअवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा श्रमदान, वृक्षारोपण तथा संगोष्ठी का आयेजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह ने युवा पीढ़ी से राष्ट्रहित में आगे आने का आवाहन करते हुए कहा कि आज की सदी में देश को देशभक्त की ज्यादा जरूरत है आज स्वतंत्रता के लिए नहीं अपितु देश के भीतर क समस्याओं जैसे आतंकवाद एंव भ्रष्टाचार आदि के लिए लड़ना है। संगोष्ठी को डॉ० अरविन्द कुमार वर्मा, श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव, डॉ० नन्दन सिंह, कुँवर संजय भारती, डॉ० सीमा यादव, डॉ० अरूण कान्त गौतम, डॉ० महेन्द्र यादव, डॉ०. सुधा, प्रो० चन्द्रभान व डॉ० राजेश कुमार द्वारा भी सम्बोधित किया गया।

02. 05 सितम्बर 2021 को महाविद्यालय परिसर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया तथा अपने विचार प्रस्तुत किये।

03. 24 सितम्बर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार यादव व डॉ० सीमा यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

04. 02 अक्टूबर, 2021 को अभिग्रहीत ग्रामों मे गाँधी जी की जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा वृक्ष लगाये गये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने रामधुन का पाठ करते हुए मनोहारी सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह व महाविद्यालय के अन्य प्रवक्तागण डॉ० अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ० सुधा, डॉ० अजीत प्रताप सिंह, डॉ० मनोज गुप्ता, प्रो० रवीन्द्र कुमार वर्मा, कुँवर संजय भारती, डॉ० अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ० विजय लक्ष्मी यादव दोनों कार्यक्रम अधिकारीगण एवं छात्राओं ने वृक्षारोपण एवं श्रमदान किया।

05. 15 अक्टूबर, 2021 " विश्व हाथ धुलाई दिवस" के अवसर पर चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता एंव कोविड–19 के प्रति जानकारी व जागरूकता का प्रशिक्षण दिया। साथ ही ग्रामीणों में साबुन एवं मास्क का वितरण भी छात्राओं द्वारा किया गया।

06. 18 अक्टबूर, 2021 को चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा याजे ना इकाई एक व दो की छात्राओं ने सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण कर सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की तथा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े हुए ग्रामवासियों को अपनी सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं से ऊपर उठने के कई बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। स्वच्छ भारत अभियान के अर्न्तगत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

07. 31 अक्टूबर, 2021 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के मध्य निबन्ध व पेन्टिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या जी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को शपथ ग्रहण भी कराई गई।

08. 14 नवम्बर, 2021 को बाल दिवस के अवसर पर बाल विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

09. 19 नवम्बर, 2021 को छात्राओं ने कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम निबन्ध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामवासियों को राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारे के प्रति जागरूक किया।

10. 28 नवम्बर, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं को प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण भी मौजूद रहें साथ ही छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पार्कों का सौन्दर्यीकरण भी किया गया।

11. दिसम्बर, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत एड्स दिवस के अवसर पर प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में एड्स जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठी एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को एड्स के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के सभागार में जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 आनन्द कुमार, डॉ0 महेन्द्र यादव, प्रो0 चन्द्रभान, डॉ0 राजेश कुमार आदि प्रवक्तागणों ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

12. 04 दिसम्बर, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा चयनित ग्रामों में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया।

13– 10 दिसम्बर, 2021 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो द्वारा प्राचार्य की अध्यक्षता मे मानवाधिकार दिवस पर रैली एवं भारत में मानवाधिकार संकट विषयक संगोष्ठी का अयोजन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने मानवाधिकार की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ0 सीमा यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो0 चन्द्रभान, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, प्रो0 विजय लक्ष्मी यादव, प्रो0 सीता पाण्डेय, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 पूनम, प्रो0 संगीता, प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा आदि प्रवक्तागणों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके पश्चात् छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाया।

14– 25 दिसम्बर 2021 को "अटल जयन्ती" के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों के दिशानिर्देशन में छात्राओं के मध्य निबन्ध, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने अटलजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्राओं ने भी अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

15– 08 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर महिलाओं के बीच बुनाई, सिलाई, कढ़ाई आदि रोजगारपरक कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया। रोजगारपरक कार्यक्रम कार्यक्रमाधिकारियों के निर्देशन में सकुशल सम्पन्न हुआ।

16– 12 जनवरी 2022 को युवा सप्ताह पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं नारा लेखन निबन्ध लेखन रंगोली पोस्टर आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तिगत और कृतित्व को रेखांकित करते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव व डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में सम्पन्न इस कार्यक्रम में डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा ने स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का संचालन डॉ0 सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का युवा आने वाले देश का भविष्य है इसलिए इसे अपने अधिकारों के प्रति एवं देश के विकास के लिए सजग रहने की आवश्यकता है, ये युवा शक्ति ही इस देश के विकास को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकती हैं। संगोष्ठी में छात्राओं के अलावा प्रवक्तागण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में युवा सप्ताह पर श्रमदान एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया। छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार के रोगों से सम्बन्धित दवाओं का मुफ्त में वितरण किया गया। छात्राओं द्वारा नालियों की सफाई की गयी। छात्राओ ने स्वास्थ्य जागरूकता के अन्तर्गत रोगों के रोक–थाम के उपाय, टीके लगाने व रोगियों के मदद् करने से सम्बन्धित जानकारियों को ग्रामवासियों को बताया।

17– 15 जनवरी 2022 को महाविद्यालय परिसर में युवा सप्ताह पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्रओं ने श्रम दान किया एवं इस अवसर पर स्वास्थ्य मेले का भी आयोजन किया गया।

18– 23 जनवरी, 2022 "सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती" के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

19– 25 जनवरी, 2022 एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समस्त प्राध्यापकों कर्मचारियों एवं छात्राओं को प्राचार्या जी द्वारा मतदाता शपथ दिलायी। तत्पश्चात् प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में इकाई एक व दो छात्राओं ने जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाता को लोकतंत्र में शत् प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयाजेन भी किया गया। महाविद्यालय के सभागार में अपराहन 02:00 बजे प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में लोकतंत्र सुलभ निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव ने बताया कि "भारतीय लोकतंत्र अपने नागरिकों को जाति, धर्म, वर्ग, समुदाय, लिंग भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना वोट देने का अधिकार देता है अतः सुलभ निर्वाचन हेतु मतदाताओं को जागरूक रहकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और लोकतंत्र की परम्पराओं को बनाए रखने हेतु अन्य लोगों में भी जागरूकता लानी चाहिए इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

20– 26 जनवरी, 2022 को गणतत्रं दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा याजे ना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आयोजित संगोष्ठी प्राचार्य जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें राष्ट्र निर्माण में बाधक समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। सभा को कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव व डॉ0 सीमा यादव, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 अतुल कुमार कनौजिया, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 पूनम, प्रो0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 भानु प्रताप राय, श्री सतीश कुमार उपाध्याय आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

21– 05 फरवरी, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्यावरण को स्वच्द बनाये रखने हेतु महाविद्यालय परिसर में कुडा प्रबन्धन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्लास्टिक थैलों के प्रयोग से संबधित जागरूकता अभियान चलाकर निषेद्ध के सम्बन्ध में बताया गया।

22– 16 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक, लोकनृत्य, गीत, लोकगीत आदि कार्यक्रम को सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम कार्यक्रमाधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

23– 20 फरवरी, 2022 को चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा ग्रामीणों में मास्क का वितरण किया गया एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। साथ ही ग्रामीणों को कोविड–19 से बचाव के बारे में बताया गया।

24– 05 मार्च, 2022 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं के मध्य सांस्कृतिक एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

25– 08 मार्च, 2022 को एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत अभिग्रहित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया।

26– 09 मार्च, 2022 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना पार्क की सफाई का कार्य सम्पादित किया।

27– 10 मार्च, 2022 को इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में पूर्ण जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामों में विभिन्न प्रकार के प्रेरक नारों का लेखन किया तथा श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही नालियों आदि में चूने आदि का छिड़काव भी किया।

इस प्रकार उपर्युक्त विवरणानुसार 2021–22 में गठित दोनों इकाईयों राष्ट्रीय सेवा योजना के बहुअयामी उद्देश्यों की पूर्ति में वर्ष पर्यन्त कार्यरत रही। सात दिवसीय विशेष शिविर के सम्सत क्रिया–कलाप सोत्साह रूप सकुशल सम्पन्न हुए। प्राचार्य जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन मंगलमयी शुभकामनाओं के साथ किया।

(प्रो0शेफालीसिंह)
प्राचार्य / संरक्षक

प्राचार्य
रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अकबरपुर अम्बेडकर नगर (उ0प्र0)

डॉ0 (राजेश कुमार यादव)
कार्यक्रम अधिकारी
रा0से0यो0 — इकाई एक

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अकबरपुर, अम्बेडकरनगर (उ0प्र0)




कौमी एकता सप्ताह के अन्तर्गत रैली निकालती राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें।




चयनित ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाती राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें।




विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सभागार में उपस्थित प्राचार्य महोदया एवं अतिथिगण।



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पोस्टरों का अवलोकन करती प्राचार्य व अन्य अतिथिगण।



मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत रैली निकालती छात्रायें।




ग्रामीणों को मतदाता बनने हेतु फार्म- 6, 7 व 8 की जानकारी देती राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें।




राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर
एकलव्य स्टेडियम में उपस्थित छात्रायें।



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एकलव्य
स्टेडियम में कार्यक्रमों में प्रतिभाग करती
राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें।




अन्तर्राष्ट्रीय मीहला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में उपीस्थत प्राचार्य एवं महाविद्यालय के प्रवक्तागण।



आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत "वीर शहीदों की अमर गाथा" पर चलीचत्र देखती राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें व अन्य प्रवक्तागण।

circle

DOWNLOAD NOW

Select District | Rajasthan | Uttar Pradesh | Bihar | Madhya Pradesh

अंबेडकरनगर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रमाबाई राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को महाविद्यालय की संरक्षक व प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर ग्राम सुडारी में छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को एड्स/ एच.आई.वी.से संबंधित जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय के सभागार में संगोष्ठी ,स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह अपने उद्बोधन में कहा कि एच.आई.वी. संक्रमण को रोकने का एकमात्र तरीका है - लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाए। लोगों को इसकी उत्पत्ति एवं प्रसार के बारे में बताया जाए ताकि लोग इस महामारी के दुष्प्रभाव से बच सकें। इसी बात को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसका उद्देश्य जन-जन तक एचआईवी/एड्स एवं इसके रोकथाम से संबंधित सभी सूचनाएँ एवं जानकारियाँ पहुँचाना है। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब की प्रभारी सुश्री सीता पांडेय ने कहा कि भारत एच.आई.वी./एड्स उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। एड्स ने देश की एक बड़ी आबादी को अपने प्रभाव में जकड़ रखा है। एचआईवी से संबंधित मामलों को पूर्ण रूप से ख़त्म किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं एवं पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस प्रयास में अंशतः सफलता भी पाई है। भारत को "पूर्णतः एड्स मुक्त" होने में अभी काफी समय लगेगा क्योंकि अभी भी देश में 15 से 49 वर्ष की उम्र के बीच के लगभग 25 लाख लोग एड्स से प्रभावित हैं। यह आँकड़ा विश्व में एड्स प्रभावित लोगों की सूची में तीसरे स्थान पर आता है।एचआईवी/एड्स के रोकथाम एवं इसपर नियंत्रण हेतु वैश्विक एवं स्थानीय दोनों ही स्तरों पर संसाधनों, तकनीकों के प्रबंधन एवं सम्मिलित प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अत्यधिक धन राशि की आवश्यकता होती है। भारत में कई अंतर्राष्ट्रीय संस्था एचआईवी/एड्स उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के साथ मिलकर काम कर रही है जहाँ वे अपने तकनीकी विशेषज्ञ एवं वित्तीय सुविधाएँ संगठन को उपलब्ध करवाते हैं। संस्थानों की यह सहभागिता एचआईवी/एड्स पर भारत सरकार के कार्यक्रमों की तरह ही सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी इकाई-दो डॉ0सीमा यादव द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन रेड रिबन क्लब की सदस्य डॉ सुनीता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ अरविंद कुमार वर्मा डॉ विश्वनाथ त्रिवेदी डॉ शाहिद परवेज प्रमोद गुप्ता रवीन्द्र कुमार वर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना

और देखने के लिए सर्कल ऐप अपने फ़ोन में इंस्टॉल करें

इंस्टॉल करें

**डॉ संगीता,डॉ अतुल कुमार कनौजिया,डॉ विजय प्रकाश सिंह,डा राजेश कुमार, श्री सतीश उपाध्याय, डॉ अजीत प्रताप सिंह तथा महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।**

**अम्बेडकरनगर |**



अंबेडकरनगर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रमाबाई राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को महाविद्यालय की संरक्षक व प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर ग्राम सुडारी में छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को एड्स/ एच.आई.वी.से संबंधित जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय के सभागार में संगोष्ठी ,स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह अपने उद्बोधन में कहा कि एच.आई.वी. संक्रमण को रोकने का एकमात्र तरीका है - लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाए। लोगों को इसकी उत्पत्ति एवं प्रसार के बारे में बताया जाए ताकि लोग इस महामारी के दुष्प्रभाव से बच सकें। इसी बात को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसका उद्देश्य जन-जन तक एचआईवी/एड्स एवं इसके रोकथाम से संबंधित सभी सूचनाएँ एवं जानकारियाँ पहुँचाना है। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब की प्रभारी सुश्री सीता पांडेय ने कहा कि भारत एच.आई.वी./ एड्स उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। एड्स ने देश की एक बड़ी आबादी को अपने प्रभाव में जकड़ रखा है। एचआईवी से संबंधित मामलों को पूर्ण रूप से ख़त्म किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं एवं पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस प्रयास में अंशतः सफलता भी पाई है। भारत को "पूर्णतः एड्स मुक्त" होने में अभी काफी समय लगेगा क्योंकि अभी भी देश में 15 से 49 वर्ष की उम्र के बीच के लगभग 25 लाख लोग एड्स से प्रभावित हैं। यह आँकड़ा विश्व में एड्स प्रभावित लोगों की सूची में तीसरे स्थान पर आता है।एचआईवी/एड्स के रोकथाम एवं इसपर नियंत्रण हेतु वैश्विक एवं स्थानीय दोनों ही स्तरों पर संसाधनों, तकनीकों के प्रबंधन एवं सम्मिलित प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अत्यधिक धन राशि की आवश्यकता होती है। भारत में कई अंतर्राष्ट्रीय संस्था एचआईवी/एड्स उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के साथ मिलकर काम कर रही है जहाँ वे अपने तकनीकी विशेषज्ञ एवं वित्तीय सुविधाएँ संगठन को उपलब्ध करवाते हैं। संस्थानों की यह सहभागिता एचआईवी/एड्स पर भारत सरकार के कार्यक्रमों की तरह ही सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी इकाई-दो डॉ0सीमा यादव द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन रेड रिबन क्लब की सदस्य डॉ सुनीता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ अरविंद कुमार वर्मा डॉ विश्वनाथ द्विवेदी डॉ शाहिद परवेज, मनोज गुप्ता, रवीन्द्र कुमार वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ राजेश यादव ,डा नंदन सिंह, डा0अरुण कांत गौतम , श्रीमती विजयलक्ष्मी यादव, डॉ संगीता,डॉ अतुल कुमार कनौजिया,डॉ विजय प्रकाश सिंह,डा राजेश कुमार, श्री सतीश उपाध्याय, डॉ अजीत प्रताप सिंह तथा महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# छात्राओं को समझाया मतदान का महत्व



अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का दौर जारी है। शुक्रवार को भी जागरूकता एवं युवाओं की सहभागिता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा यादव एवं डॉ. राजेश यादव के संयोजन में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान छात्राओं को मतदान का महत्व समझाया गया।

प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं को कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कहा कि बदलते परिवेश में राजनीत के केंद्र में युवा है। प्रत्येक राजनीतिक दल का फोकस युवाओं पर है। ऐसे में युवा मतदाता को सबसे ज्यादा सजग और जागरूक रहने की जरूरत है। युवा ही राजनीति की दशा एवं दिशा तय कर रहा है। प्रवक्ता डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि मतदाता अपने मतदान का प्रयोग सोच समझकर करें। प्रवक्ता डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं को अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए, तभी हम लोकतंत्र को समृद्ध कर सकते हैं। संगोष्ठी का संचालन डॉ. सीमा यादव ने किया। इस मौके पर डॉ. विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ. सुधा महेंद्र यादव, डॉ. नंदन सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

---

चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा चयनित ग्रामों में नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



अम्बेडकर नगर। मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता योजना के तहत स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा चयनित ग्रामों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता पंजीकरण संबंधित फार्मों की जानकारी दी गई साथ ही सभागार में पोस्टर प्रतियोगिता एवं डॉ. मनोज गुप्ता जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर द्वारा छात्राओं को निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने की जानकारी दी गई।

# जिलाधिकारी ने धान क्रय

12

## बदली राजनीति के केंद्र बने युवा: डॉ चंद्रभान

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता एवं युवाओं की सहभागिता विषय पर शुक्रवार को संगोष्ठी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ सीमा यादव एवं डॉ राजेश यादव के संयोजन में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ चंद्रभान ने कहा कि आज के बदलते हुए परिवेश में राजनीति के केंद्र में युवा ही हैं, इसलिए प्रत्येक राजनीतिक दल का फोकस युवाओं पर ही है। डॉ चंद्रभान ने कहा ऐसे में युवाको सबसे ज्यादा सजग और जागरूक रहने की जरूरत है। क्योंकि युवा ही आज की राजनीति की दिशा और दशा तय कर सकता है।

## सेवा भावना से समाज को एक सूत्र में बांधा जा सकता है

**अम्बेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ राजेश कुमार यादव व डॉ सीमा यादव के दिशा-निर्देशन में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता कर रहे डॉ अरविन्द कुमार वर्मा ने कहा कि आज सेवा भावना से ही हम समाज को एक सुत्र में बांधा जा सकता है। साथ ही देश को सशक्त व मजबूत भी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ सुधा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला व समाज में उसकी उपयोगिता बताई।

हिन्दुस्तान लखनऊ • शुक्रवार • 19 नवंबर 2021 • 04

# रैली, रंगोली व मेंहदी का आयोजन कर जागरूक किया

**मतदाता जागरूकता**

अम्बेडकरनगर | संवाददाता

सावित्री बाई फुले राजकीय बालिका इंटर कालेज कुर्की बाजार में गुरुवार को मतदाता जागरूकता के लिए रैली, मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बढ़चढ़ कर कालेज की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रंगोली में आंचल भारती और मेंहदी में ज्योति गुप्ता प्रथम स्थान पर रहीं।

कालेज की प्रधानाचार्या सुमित्रा देवी की अध्यक्षता में जागरूकता रैली मेंहदी प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका डॉ प्रियंका तिवारी, छाया देवी, डॉ सुषमा वर्मा तथा सविता में शामिल रहीं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कालेज की छात्राओं की तरफ से एक रैली निकाली गई जो प्राथमिक विद्यालय मझवारी अठवारा तक जाकर संपन्न हुई। छात्राओं ने रोड के किनारे स्थित दुकानदारों को भी जागरूक किया। सभी से अपील की कि अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य शामिल कराएं और बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लें। इस अवसर पर आयोजित की गई रंगोली प्रतियोगिता में आंचल भारती प्रथम, रोली मौर्या द्वितीय और शालिनी भारती तृतीय स्थान पर रहीं। मेंहदी प्रतियोगिता में ज्योति गुप्ता प्रथम, सबरीन द्वितीय स्थान और जूही तृतीय स्थान पर रहीं।



जीजीआईसी कुर्की बाजार में रंगोली प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं के साथ शिक्षिकाएं

**मतदाता बनने का जमा करें फॉर्म, बनवाएं पहचान पत्र**

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी द्वय डॉ राजेश कुमार यादव तथा डॉ सीमा यादव के दिशा निर्देशन में गुरुवार को नगर से सटे श्रीनाथ पुरवा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मौके पर चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के 21 व 27 नवंबर को तिथि पर बूथों पर जाकर वोटर बनने की जागरूकता की गई। अभियान 30 नवम्बर तक चलेगा। एनएसएस की छात्राओं ने बताया कि विशेष अभियान के तहत आगामी एक जनवरी तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे मतदाता, जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं है वे मतदाता पहचान पत्र बनवा सकता हैं। मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए फॉर्म छह भरकर जमा कर सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार की व्यवस्था है। अपने ग्राम व मोहल्ले के बीएलओ से संपर्क स्थापित आवश्यक दस्तावेज के साथ फार्म भरकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। अभियान में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक शामिल रहे। जीजीआईसी कुर्की में रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता हुई।

# वोटरों को जागरूक करने का चला अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

## कहीं रैली तो कहीं आयोजित हुई मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता

अंबेडकरनगर। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला। कहीं छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर युवाओं से मतदाता बनने व समय आने पर निष्पक्ष मतदान करने का आह्वान किया। कहीं छात्राओं ने मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर मतदाताओं को जागरूक किया। इसके अलावा विकास भवन से शुक्रवार को दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकली। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगों ने हिस्सा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम सैमुअल पॉल एन के निर्देश पर शुक्रवार को जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। अकबरपुर नगर के बसखारी रोड स्थित रमाबाई पीजी कॉलेज की छात्राओं ने स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को मतदाता बनने व मतदान के महत्व को समझाया। कहा, लोकतंत्र की मजबूती के लिए देश के प्रत्येक नागरिक का मतदान करना जरूरी है।



अंबेडकरनगर के रमाबाई पीजी कॉलेज की छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली। -संवाद

अकबरपुर तहसील क्षेत्र के बनगांव हिड़वा में स्थित राती प्रसाद स्मारक इंटर कॉलेज में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। छात्राओं ने रंगोली के लोगों को जागरूक किया। प्रबंधक अरुणेश यादव पिंकू व प्रधानाचार्य अंजू यादव ने छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि वह अपने पड़ोस के लोगों को मतदाता बनने व मतदान करने के महत्व को समझाएं।

वहीं विकास भवन परिसर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिव्यांग मतदाताओं ने जागरूकता रैली निकाली। परियोजना निदेशक राकेश प्रसाद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके चौरसिया ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चल रहा है।

हिन्दुस्तान लखनऊ • गुरुवार • 25 नवंबर 2021 • 04

# नारी के बिना समृद्ध समाज की कल्पना बेमानी:शेफाली

अम्बेडकरनगर | संवाददाता

रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में कौमी एकता सप्ताह के तहत बुधवार को 'भारतीय समाज में महिलाओं का महत्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका' विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह ने कहा कि भारत की लगभग आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व महिलाएं करती है। अतः उनके बिना विकसित एवं समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। कहा कि नारी पुरुषों के समान ही सुशिक्षित, सक्षम एवं सफल है।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी डॉ विश्वनाथ द्विवेदी ने कहा कि प्राचीन काल से ही नारी का स्थान किसी भी रूप में पुरुष से कम नहीं रहा है।

सृष्टि के निर्माण से लेकर स्वस्थ समाज का निर्माण तथा उत्तम संस्कारों के परिवार के निर्माण में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आधुनिक काल की नारी विभिन्न क्षेत्रों में पदार्पण कर चुकी है धरती से लेकर अंबर तक उसने अपनी योग्यता तथा शक्ति का प्रमाण दिया है। जिला महिला कल्याण अधिकारी शालिनी ओझा ने कहा कि महिलाओं ने ही प्रथम सभ्यता की नींव डाली है और उन्होंने ही जंगलों में मारे-मारे भटकते हुए पुरुषों को हाथ पकड़कर अपने स्तर का जीवन प्रदान किया तथा घर बसाया। संचालन डॉ. सुधा ने किया।

दिनाँक : 25/11/2021 आदित्य टाइम्स

हिन्दी दैनिक
आदित्य टाइम्स

# भारत की लगभग आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व महिलाएं करती है- प्रोफेसर शेफाली सिंह



दिनाँक : 25/11/2021 हिन्दुस्तान

**बैठक** भारतीय समाज मे महिलाओ का महत्व एव राष्ट्र निर्माण मे भूमिका को लेकर संगोष्ठी आयोजि

[illegible]

दिनाँक : 25/11/2021 हिन्दुस्तान

# रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**अम्बेडकर नगर**

रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर, अंबेडकर नगर में कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत भारतीय समाज में महिलाओं का महत्व एवं राष्ट्र निर्माण मे उनकी भूमिका विषय इउपर संगोष्ठी का आयोजन गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह नेअपने उद्बोधन में बताया कि भारत की लगभग आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व महिलाएं करती है ,अतः उनके बिना विकसित एवं



